दिनांकः 20.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज 49 सीटों पर मतदान–केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और स्मृति ईरानी सहित कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर।
- समूचा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में–आठ शहरों का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए आवश्यक सेवाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करने को कहा।
- राजस्थान बोर्ड की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज–तीनों संकायों का एक साथ जारी होगा नतीजा।

................

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत आज छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान हो रहा है। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, बिहार और ओडिशा की 5–5, झारखंड की 3 तथा जम्मू–कश्मीर और लद्दाख की एक–एक सीट शामिल हैं। इस चरण में कई मंत्रियों और सांसदों सहित छह सौ पिच्यानवे उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और के.एल. शर्मा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला तथा लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास गुट के चिराग पासवान शामिल हैं।

................

समूचा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। कल आठ शहरों का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। वहीं 19 शहरों में दिन का तापमान 45 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। दिन के साथ ही रात के तापमान में बढोतरी से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में श्रीगंगानगर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। वहां पारा 46 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हमारे सवांददाता ने बताया कि प्रचंड गर्मी से लोग बेहाल हैं।

-----------

बारां के अंता में भी दिन का तापमान 46 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रहा। वहां पशु पक्षी भी इस भीषण गर्मी से व्याकुल नजर आ रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-------------

जोधपुर में कल की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही। वहां रात का तापमान 33 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार धौलपुर और जालौर में 46 दशमलव 5, सीकर के फतेहपुर और कोटा में 46 दशमलव 2 तथा करौली और पिलानी में अधिकतम तापमान 46 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। भरतपुर, अलवर, जयपुर, बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी, चूरू, डूंगरपुर और हनुमानगढ में दिन का तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हीटवेव जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। आगामी तीन दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने और जोधपुर, बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं तीव्र हीटवेव चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम केन्द्र जयपुर ने बच्चों और बुजुर्गों को बाहर धूप में नहीं निकलने और ओ आर एस तथा पेय पदार्थों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की सलाह दी है। इसके साथ ही किसानों को फसलों का सुरक्षित भंडारण करने तथा पालतू पशुओं को लू से बचाने का सुझाव दिया गया है। इस बीच, कल प्रदेश में कई स्थानों पर आंधी के साथ बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से

कुछ राहत मिली। जयपुर, नागौर, सवाईमाधोपुर, बालोतरा, दौसा, भरतपुर, जैसलमेर सहित विभिन्न स्थानों पर दोपहर बाद धूलभरी आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई।

................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश में भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए अधिकारियों को पानी, बिजली और चिकित्सा जैसी आवश्यक सेवाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। कल जयपुर में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक में श्री पंत ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप धरातल पर रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि अनियमितता पाये जाने पर अधिकारी अपने क्षेत्र की व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी होंगे। मुख्य सचिव ने गांवों में रात्रि चौपाल लगाने को कहा और बिजली की सुचारु आपूर्ति के निर्देश दिये। आने वाले दिनों में तापमान में और बढोतरी होने के आसार को देखते हुए उन्होंने पत्र पत्रिकाओं और सोशल मीडिया पर एडवाइजरी का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने की बात कही।

................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज जारी किया जाएगा। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि दोपहर बाद तीनों संकायों के परिणाम एक साथ घोषित किये जाएंगे। इसके कला, विज्ञान और कॉमर्स में कुल 8 लाख 66 हजार से अधिक विद्यार्थी इन परीक्षाओं के लिए पंजीकृत थे। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। बोर्ड इतिहास में ये दूसरा मौका होगा, जब तीनों संकायों के परिणाम एक साथ जारी किये जाएंगे। इससे पहले कोरोना काल में तीनों विषयों का एक साथ रिजल्ट आया था।

................

किर्गिस्तान में पढ़ रहे बाहरी देशों के विद्यार्थियों पर स्थानीय लोगों द्वारा हाल के हमलों को देखते हुए भारतीय विद्यार्थियों के अभिभावकों की चिंता बढ़ गयी है। वहां राजस्थान के बांसवाडा, दौसा और नागौर जिले के कई विद्यार्थी मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों से हिंसा मामले में विधायक हनुमान बेनीवाल ने सरकार से दखल देने और प्रभावित विद्यार्थियों की मदद का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री बेनीवाल ने मुख्यमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्रालय से घटना को गंभीरता से लेने की अपील की है।

................

जोधपुर जैसलमेर बाईपास पर कल सड़क किनारे काम कर रहे तीन मजदूरों की बेकाबू ट्रक की टक्कर से मृत्यु हो गयी। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के शिकार लोग तिलवाड़िया फाटा के पास रिंग रोड़ पर फेंसिंग लगाने का काम कर रहे थे। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।
बांसवाडा में बागीदौरा सड़क मार्ग पर गलत साइड से आ रहे एक डम्पर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार भाई बहन की मृत्यु हो गयी और एक महिला गंभीर रूप घायल हो गयी। डम्पर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

................

जोधपुर में बिना नम्बर प्लेट और काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ पुलिस की ओर से विशेष अभियान "ऑप्स अनामिका" चलाया जा रहा है। जोधपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक थाने में बीट कांस्टेबल को टॉस्क दिया गया है कि वह सर्वे करके अपने क्षेत्र में ऐसे वाहनों को चिहिन्त करें और उनके विरूद्व नियमानुसार कार्रवाई करें। जिले के बिलाड़ा, पीपाड़शहर, बालेसर और शेगरढ़ पुलिस थानों में अभियान के तहत कल बड़ी संख्या में चालान काटे गये और वाहनों की धरपकड़ की गयी।

................

सवाईमाधोपुर जिले में शुद्व आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से कल चौथ का बरवाडा में सरस से मिलते जुलते घी के ब्रांड बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। इस दौरान 116 लीटर घी जब्त किया गया। खाद्य विभाग की टीम ने घी का सैंपल जांच के लिए भिजवाया है।

................

सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ–उरमुल ने बीकानेर में नागरिकों को शुद्व दूध उपलब्ध कराने और मिलावटी दूध के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत शहर के मोहल्लों और बस्तियों में दूध की जांच की जा रही है और मिलावट पाये जाने पर अधिकारियों को अवगत करवाया जा रहा है।

................